## बिना पोस्टमार्टम के मृतक का हुआ दाह संस्कार, एक मौत के बाद जागा खाद्य विभाग

# लावारिस थैली में रखी मिठाई बनी मौत का कारण, हो सकती है साजिश

लावारिस हालत में मिली थैली की मिठाई खाने से पांच लोग फूड पॉजिनिंग के शिकार हो गए। जिसमें से एक की मौत हो गई है। जबकि दो की हालत गंभीर है। लावारिस मिठाई जब मौत का कारण बनी तो सवाल उठे, हादसा है या साजिश। बहरहाल खाद्य विभाग ने मिठाई दुकानों की ओर दौड़ लगा दी है। पुलिस जांच में जुटी है। जिले के नामचीन अस्पतालों की लापरवाही सामने है। कार्यवाही के नाम पर जांच चल रही है, चलती रहेगी। एक मौत ने परिवार में मुसीबतों का कहर टूटा है। दो गंभीर है। जिन्हें बचाने की कवायद शुरू है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव (संजय जैन)



नगर के तामिया मार्ग पर स्थित एक शासकीय कार्यालय के पास रखी हुई एक लावारिस थैली में रखी हुई मिठाई के सेवन कर लिए जाने से एक की मौत हो गई तो वही चार लोगों की तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें दो की हालत अब तक गंभीर बनी हुई है। इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस विभाग और जिले का खाद्य विभाग अमला सक्रिय हो गया। पुलिस ने चौकीदार दसरू यदुवंशी के मृत्यु होने के बाद मर्ग कायम किया है तो वहीं दूसरी ओर जिला कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने जुन्नारदेव पहुंचकर शहर के लगभग समस्त मिष्ठान प्रतिष्ठानों से सैंपल ले लिया है। इस मामले की पड़ताल किए जाने के बाद लगभग यह स्थिति सामने आ रही है कि यह मामला किसी भी प्रकार से विषाक्त मिठाई का न होकर किसी गहरी साजिश का हो सकता है ? हालांकि इस मामले में पुलिस ने इस मिठाई के डब्बे में रखी शेष बची मिठाई को जप्त कर उसे जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजने की बात कही है। इधर दूसरी तरफ इस डब्बे की मिठाई का सेवन करने के फलस्वरुप मृतक दसरू यदुवंशी का अंतिम संस्कार उसके परिजनों के द्वारा कर दिया गया है, तो वहीं अन्य चार बीमार लोगों में से दो की स्थिति छिंदवाड़ा में गंभीर बनी हुई थी जबकि अन्य दो अब खतरे से बाहर बताई जा रहे हैं। इस बहुचर्चित मामले में कथित तौर पर सिर्फ मिठाई के दूषित करार दिए जाने मामले की इतिश्री नहीं की जानी चाहिए बल्कि मामले की तह तक पहुंच कर इस बात की कोशिश की जानी चाहिए कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई साजिश तो नहीं रही थी।

**यह है मामला**

नगर के तामिया मार्ग पर स्थित पी एच ई के कार्यालय के समीप किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भूलवश या जानबूझकर एक थैली को रखा गया था, जिसमें एक मिठाई का डब्बा सहित कुछ हरी सब्जियां मौजूद थी। इस लावारिस राखी थैली में से मिठाई का डब्बे में से कुछ मिठाई को पी एच ई विभाग में पदस्थ चौकीदार दशुरू यदुवंशी के द्वारा सेवन किया गया जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था तो वहीं इसी डिब्बे में रखी शेष मिठाई को वहां पर हाथ ठेले में दुकान संचालन करने वाले एक परिवार की महिला सदस्य के द्वारा अपनी दो पुत्री व ससुर तथा स्वयं के द्वारा इसका सेवन किया गया जिससे उनकी भी हालत बिगड़ गई और उन्हें भी उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जिनमें से दो लोगों को फौरी तौर पर उपचार किया गया जबकि शेष दो को छिंदवाड़ा रेफर किया गया। जहां पर इनका

### फूड पॉइजिनिंग से मौत, हादसा या साजिश?

नगर के तामिया सड़क मार्ग पर स्थित पी एच ई विभाग के कार्यालय के ठीक पास में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपनी थैली को इस तरह लावारिस छोड़कर चले जाना और उसकी तीन दिनों तक सुध नहीं लेना किसी साजिश की ओर इशारा करता है। दरअसल यह माना जा सकता है कि इस मिठाई के डब्बे में किस प्रतिष्ठान का नाम अंकित नहीं है और इस तरह की मिठाई का स्थानीय मिष्ठान विक्रेताओं के द्वारा निर्माण भी नहीं किया जाता है। सोशल मीडिया पर आई इस मिठाई और उसके डब्बे की मिठाई का सेवन कर लिए जाने के बाद के घटनाक्रम को लेकर लोगों में जन चर्चा है कि जब यह मिठाई विषाक्त होती तो फिर अन्य स्थानों से भी अन्य लोगों के द्वारा सेवन किए जाने के बाद बीमार होने के कई मरीज अस्पताल पहुंच सकते थे, लेकिन सिर्फ इस एकमात्र डिब्बे की मिठाई खाने से ही एक व्यक्ति की मौत और चार का गंभीर रूप से बीमार हो जाना स्पष्ट कर रहा है कि इस मिठाई में कुछ कथित तौर पर कुछ मिलाकर तो नहीं रखा गया है। यहां पर महत्वपूर्ण यह भी है कि लगभग ढाई सौ ग्राम वाले इस मिठाई के डिब्बे में लगभग आठ पीस मिठाई के रखे गए होंगे, जिनमें प्रत्येक पीस में लगभग 3-3 काजू के पीस लगाए गए थे। वर्तमान समय में एक काजू लगभग 3 की लागत का है। इस तरह से इस ढाई सौ ग्राम के इस डब्बे में 24 से 25 नग काजू लगाए गए जिनकी कीमत 3 प्रति काजू की औसत दर से लगभग 72 रुपए हो रही है। वर्तमान दौर में किसी भी मिष्ठान विक्रेता के द्वारा किसी एक मिठाई के पीस पर तीन-तीन काजू लगाकर बेचना वर्तमान के महंगाई के युग में असंभव है। इसका सीधा मतलब यह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कोई विशेष मकसद से ही कथित तौर पर मिठाई में कुछ मिलावट करके जानबूझकर किसी व्यक्ति विशेष को टारगेट करके रखे जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि आसपास के किसी भी क्षेत्र से दूषित मिठाई से पीड़ित होने के कहीं कोई और कोई घटना या समाचार नहीं मिल रहे हैं और ना ही यहां के शासकीय चिकित्सालय सहित अन्य किसी चिकित्सक के पास इस तरह का मरीज बीते 72 घंटे में नहीं पहुंचा है। इसीलिए यह आशंकाएं बलवती हो रही है कि दुर्भावनावश किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपना कोई मकसद पूर्ण करने की विशेष इरादे से यह मिठाई में कुछ मिलाकर रख दिया हो ? हालांकि पुलिस ने इस मिठाई के दो पीस को जप्त कर लिया है जिसका परीक्षण प्रयोगशाला में होने के बाद परिणाम सामने आने पर ही स्पष्ट हो पाएगा कि इस मिठाई में कुछ मिलाकर उसे दूषित किया गया है या फिर मिठाई के विनिर्माण किए जाते समय ही कोई त्रुटि की गई है। इस मामले में खाद्य विभाग के अनुभवी अधिकारियों का यह मानना है कि इस तरह की मिठाई का इस क्षेत्र में निर्माण नहीं होता है और मिठाई को देखकर यह आसानी से अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि वह पुरानी या दूषित हो गई हो। देखने में यह मिठाई ताजी दिख रही है। मिठाई के डिब्बे के इस एकमात्र मामले के अलावा इस संपूर्ण क्षेत्र में दूषित मिठाई की कोई भी घटना या सूचना का ना मिलना भी किसी गहरी साजिश के होने की संभावनाओं को बल दे रहा है।

### इलाके में नहीं है सीसीटीवी कैमरे

इस मामले में साजिश की की ओर सी घूमने का यह भी प्रमुख कारण माना जा रहा है कि इस क्षेत्र में कोई भी सीसीटीवी मौजूद नहीं है जिसके कारण यदि कहीं कोई व्यक्ति को टारगेट बनाकर किसी ने यह साजिश रची हो तो उसका खुलासा होना आसान नहीं होगा। जबकि तामिया सड़क मार्ग का यह व्यस्ततम क्षेत्र शाम के बाद लगभग सूना हो जाता है। यहां पर नगर पालिका और एमपीईबी के भी आसपास में कार्यालय हैं।

### बगैर पोस्टमार्टम के ही किया गया दाह संस्कार

मिठाई के डिब्बे से मिठाई खा लिए जाने के बाद पी एच ई विभाग में कार्यरत दसरू यदुवंशी की हालत बिगड़ने के बाद उसे जुन्नारदेव के सामुदायिक अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां से उसके परिजनों ने अपनी ही गारंटी पर जिले के एक नामचीन अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां पर रविवार तड़के को उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कथित तौर पर परिजनों से पोस्टमार्टम न किए जाने का पत्र लिखाकर लेने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जहां से कुछ देर के बाद उसका दाह संस्कार भी कर दिया गया। अब ऐसी परिस्थितियों में मृतक की मृत्यु का कारण जानने में अहम कड़ी साबित होने वाला पोस्टमार्टम और उसमें निकलने वाला बिसरा पुलिस को प्राप्त ही नहीं हो सकेगा जिसके कारण इस संवेदनशील मामले में मौत के कारण तक पहुंचने में पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी होगी।

### अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण साजिश का शक

जिले के एक इस नामचीन अस्पताल में रविवार को तड़के दसरू यदुवंशी की मौत हो जाने के बाद यह स्पष्ट हो चुका था कि पीड़ित की मौत किसी विषाक्त वस्तु के सेवन से हुई है। अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा मृतक की इस मौत को संदेहास्पद करार देते हुए तत्काल ही पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी, लेकिन यहां पर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कथित तौर पर लापरवाही बरती गई है जिसके द्वारा पुलिस को सूचना न देते हुए बगैर पोस्टमार्टम के ही शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु दिया जाना किसी गहरी साजिश को रचना या उससे बचने की संभावना को बल देता है। शासकीय नियमानुसार किसी भी संदेहास्पद मामले में मृत्यु पर चिकित्सक या अस्पताल के द्वारा स्थानीय पुलिस को तहरीर भेजना आवश्यक होता है, लेकिन इस मामले में ऐसा ना किया जाना अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को इंगित कर रहा है। इस मामले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा शासकीय नियमों का हवाला देते हुए बताया गया कि परिजनों के द्वारा इस मामले में पोस्टमार्टम कराए बगैर ही शव उन्हें सौंप दिए जाने का पत्र अस्पताल प्रबंधन को दिया गया था। इसीलिए अस्पताल प्रबंधन के द्वारा बगैर पोस्टमार्टम के यह शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सोपा गया है।

## अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल आज

### राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की टीमें अंतिम चक्र में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जन जागरण मंच द्वारा स्व. जयचंद जैन की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पोला ग्राउंड (दशहरा मैदान) में किया जा रहा है। मैच कमिश्नर इंद्रजीत सिंह बैस ने बताया कि रविवार को अखिल भारतीय स्तर पर प्रातः प्रथम एवं द्वितीय चक्र के मैच लीग कम नाकआउट पद्धति से खेले गए। एन.डी. स्पोर्ट्स राजस्थान ने आर.सी.सी भोपाल को 33-22 ,SKMG गोटेगांव ने यूनियन बैंक मुम्बई को 32-27 से , हिमाचल प्रदेश ने छिंदवाड़ा कॉरपोरेशन को 16-12 से , स्टार एकेडमी जबलपुर ने वेस्टर्न कमांड दिल्ली को 25-19 से, विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर ने वेस्ट मुंबई को 33-28 से , शास्त्रीय क्लब सोनीपत ने हरियाणा को 29- 14 से , राजीव गांधी रोहतक ने जिला कबड्डी संघ छिंदवाड़ा को 28-16 से , भेल भोपाल ने ओम साईं पुणे को 20-18 से , एन.डी. राजस्थान ने स्टार एकेडमी जबलपुर को 30-28 से , गोटेगांव नरसिंहपुर ने हिमाचल प्रदेश को 37-29 से तथा वेस्टर्न कमांड दिल्ली ने आर.सी.सी भोपाल को 36-23 से एवं सोनीपत ने पुणे महाराष्ट्र को 26-22 पॉइंट्स से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल आज देर रात एवं 12 जनवरी प्रात : 10 बजे से क्वार्टर फाइनल सेमी फाइनल , एवं फाइनल मुकाबले,खेले जायेंगे समापन अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु पूर्व मंत्री श्री जालम सिंह पटेल , चौधरी चंद्रभान सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. शेषराव यादव उपस्थित रहेंगे। मंच के मुख्य संयोजक रमेश पोफली ने बताया की 12 जनवरी को आयोजित फाइनल मैच के उपरांत विजेता , उपविजेता ,खिलाड़ियों को 2,50,000 की राशि नगद इनाम में आकर्षक ट्रॉफियों के साथ प्रदान की जाएगी ।स्पर्धा के ऑफिशियल के रूप मैच कमिश्नर इंद्रजीत सिंह बैस, खेल अधिकारी सुशील पटवा, जी.एस.आर नायडू , मुकेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## गुलशन कंपनी हादसा: अपनों के आंसू और सुलगते सवाल...

### कंपनी प्रबंधन ठेकेदार पर हो हत्या का मामला दर्ज, ये दुर्घटना नहीं, हत्या है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र के कबरपीपला गांव की गलियों में रविवार को मातम के साथ-साथ भारी आक्रोश भी था। बोरगांव की गुलशन कंपनी में बेल्ट की चपेट में आने से जान गंवाने वाले 64 वर्षीय बुजुर्ग कामगार धनराज गुजवार का अंतिम संस्कार तो कर दिया गया, लेकिन उनकी चिता से उठे धुएं ने गुलशन कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल छोड़ दिए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद में कामगार की गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा कामगारों ने उपस्थित होकर अपने कामगार साथी को अंतिम विदाई दी है। दर्दनाक घटना के बाद कंपनी प्रबंधन एवं ठेकेदार के सुरक्षा इंतजामो की पोल खुलकर सामने आ गई है। आरोप है कि कंपनी प्रबंधन, ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर 64 साल के बुजुर्ग से जानबूझकर बॉयलर पर काम कराया है। देर रात तक विधायक विजय चौरे और परिजनों ने गेट पर डेरा डालकर प्रदर्शन किय। इसके बाद दुखी मन से परिवार के द्वारा 10 लाख रुपए की मुआवजे पर हामी भरी है। कामगार अपने पीछे पत्नी और पुत्र दिनेश और मंगेश को छोड़ गए है। बीते साल भी इसी गांव के एक कामगार लोकनाथ काटोले की गुलशन कंपनी में ठेकेदार की लापरवाही के चलते मौत हो गई थी।

**65 साल के बुजुर्ग को कैसे दिया खतरनाक काम: विधायक चौरे**

घटना के बाद में रात्रि 12:30 बजे तक मुआवजे को लेकर कंपनी प्रबंधन परिजन एवं कामगारों की चर्चा में 10 लाख रुपए मुआवजे की राशि पर तय हुई। इस दौरान विधायक विजय चौरे ने आक्रोश भरे शब्दों में कहा मजदूर की जान की कीमत 10 लाख नहीं हो सकती, मुवावजा 25 लाख मिलना चाहिए था,हम कोर्ट जाएंगे। आखिर प्रशासन और श्रम विभाग इन हादसों पर मौन क्यों है। 64 साल से ऊपर के व्यक्ति से खतरनाक काम कराना अपराध है और इसका हिसाब कोर्ट में होगा। 64 बुजुर्ग व्यक्ति को बॉयलर जैसे खतरनाक काम पर रखा गया। यह श्रम नियमों का उल्लंघन है। इसके लिए ठेकेदार ओर प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इधर घटना के बाद रविवार शाम तक जांच के लिए अधिकारियों की कोई टीम कंपनी में नहीं पहुंची थी।

**क्या कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार पर होगी एफआईआर दर्ज?**

घटना के बाद में अब कामगारों के द्वारा प्रबंधन एवं ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इसके पूर्व भी क्षेत्र की कंपनियों में ठेकेदारों की लापरवाही के चलते कई दुर्घटनाएं हो चुकी है, जिसमें कामगारों की जान गई है। कंपनी ठेकेदारों पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के चलते ठेकेदारों के हौसले बुलंद हो गए है। कामगारों का सांफ कहना है कि प्रबंधन एवं ठेकेदार के द्वारा जानबूझकर 64 वर्षीय बुजुर्ग कामगार धनराज को बॉयलर के जैसे खतरनाक काम पर रखा है, जिसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा कंपनी प्रबंधन, ठेकेदार पर हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।

**इनका कहना है**

मृतक के शव का पीएम किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला मर्ग जांच पर है, मर्ग जांच के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**श्रीमती प्रियंका पांडे**, डीएसपी

### युवा उत्सव के रूप में मनाया विवेकानंद स्वामी का जन्मदिवस

**छिंदवाड़ा।** दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विविध अनुष्ठानों के साथ सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, नव अभिनंदन सहित युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस युवा उत्सव के रूप में मनाया। हृदय स्पर्शी एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मणिपुर एवं छत्तीसगढ़ की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके, विशिष्ट अतिथि जेल अधीक्षक प्रतीक जैन सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने की। जिनका दिव्यांग बच्चों सहित आधार की अध्यक्ष एवं संचालिका सरिता पांडे ने तिलक लगाकर तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किंथ ने किया।

## फांसीढाना जंगल में दो किलोमीटर के भीतर गोंदरा नदी से हो रहा है रेत का उत्खनन

### वन्य प्राणियों की गणना पर हो रही रेत चोरी से उठ रहे सवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया रेंज में पिछले कुछ वर्षो से जंगल कटाई लगातार होने से वन क्षेत्र का रकबा घटता जा रहा है। जंगलों में वृक्षारोपण किए गए पौधे भी नहीं पनप सके, उसका जीता जागता उदाहरण तामिया में हजारों पौधे कैंपा मद से लगाए गए थे। वहां अब पौधे के लगाने का निशान भी नहीं नजर आते, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यहां पर नये वन अपराध ने पैठ जमा ली है।

वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है। इसके प्रत्यक्ष उदाहरण जंगल की नदियों से रेत भरते अब तक एक दर्जन के करीब ट्रैक्टर पकड़े जा चुके हैं। वहीं नाकेदारों डिप्टी रेंजर पर रेत चोरों से अवैध वसूली के आरोप भी लगे हैं और रेत चोरों से विवाद भी जमकर हुए और हाथापाई की नौबत आ चुकी है। नाकेदारों ने अपने दम पर देलाखारी पुलिस चौकी में शिकायत आवेदन के रूप में की जा चुकी है। बावजूद इसके रेत चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है।

जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कुर्सी ढाना बीट के बेल खेड़ी की धाड नदी में वनकर्मियों के संरक्षण में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन देखा जा सकता है क्योंकि वन विभाग द्वारा रेत चोरों को अघोषित संरक्षण दिया गया है। उसी के नतीजन जंगलों में मनमाने तरीके से बना संपदा को नष्ट करते हुए रेत निकालने में लगे हुए हैं। ऐसा ही प्रत्यक्ष उदाहरण घटलिंगा मार्ग पर स्थित मुनारा क्रमांक 771 जो प्राप्त जानकारी के अनुसार दौरियाखेड़ा बीट के जंगल में बहने वाली गोंदरा नदी जो मुख्य मार्ग लगभग 3 किलोमीटर जंगल में बहती है। वहां पर बेखौफ तरीके से रेत चोरी कर वन संपदा को हानि पहुंचा कर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं।

इस अवैध उत्खनन की खास बात यह है कि मुख्य मार्ग पर स्थित इस मुनारे के पास से ट्रैक्टरों की आवाजाही इतनी ज्यादा है कि इसे आसानी से देखा जा सकता है। सिर्फ नहीं नजर आ रहा है तो वन विभाग के अधिकारी और मैदानी नाकेदार को आता भी कैसे लोगों का मानना है कि इन्हीं के संरक्षण में यहां से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। इतनी हिम्मत किसी कि नहीं कि वह दो किलोमीटर से अधिक जंगल के रास्ते वहां जाकर रेत निकाल सके। लेकिन ऐसा हो रहा है। इन दिनों इस गोंदरा वाली नदी से निकलने वाली रेत ऊंचे दाम पर बिकती है। इस कारण यहां पर रेत चोरी करने वाले जंगल में प्रवेश कर रहे हैं। वहीं जंगल में इन दिनों वन प्राणियों की गणना भी हो रही है, लेकिन उनको भी यह अवैद्य उत्खनन क्यों नहीं दिख रहा यह भी हमझ से परे है।

वन विभाग के उच्च अधिकारियों को शीघ्र चोरी पर नियंत्रण करने यहां के वन कर्मियों पर अंकुश लगाना होगा। वहीं रेंजर को भी इस मामले में मैदान में उतरने निर्देशित करने होंगे। नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब रेत चोरों का कार्य क्षेत्र जंगल में दिन-ब-दिन फैला जाएगा इस और कड़े कदम उठाने की आवश्यकता आन पड़ी है।

### गुरु तेग बहादुर, बिरसा मुंडा व स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को मिला राष्ट्रप्रेरणा का संदेश

## संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महाविद्यालीन कार्यविभाग द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन स्थानीय ओलंपिक मैदान में किया गया। इस सम्मेलन में जिले के गांव-गांव तथा नगर की प्रत्येक बस्ती से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर राष्ट्रनिर्माण के प्रति अपनी सजगता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

सम्मेलन में गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मशताब्दी एवं स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर उनके त्याग, संघर्ष और विचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इन महापुरुषों को राष्ट्र के सांस्कृतिक और वैचारिक आधार स्तंभ बताते हुए युवाओं से उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वक्ताओं के विचार जानकर युवाओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध जी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समाज को अन्याय, शोषण और गुलामी के विरुद्ध संघर्ष की चेतना दी। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण के महान प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा, अनुशासन और सामाजिक समरसता को अपने जीवन का आधार बनाएं।

श्री मुक्तिबोध ने कहा कि संघ का कार्य केवल संगठन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना उसका लक्ष्य है। गुरु तेग बहादुर का बलिदान आज भी प्रासंगिक है। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य अतिथि शरबजीत सिंह अरोड़ा ,कोषाध्यक्ष गुरुद्वारा कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर उनके बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। उनका बलिदान आज के युवाओं को सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता है।

स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं की ऊर्जा का स्रोत है। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनका संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत", आज के युवा वर्ग के लिए मार्गदर्शक मंत्र है। विवेकानंद जी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताया, जिसे आत्मविश्वास और चरित्र बल के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

## न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 में स्थापित आदिवासियों के आराध्य प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थापना दिवस के 6 वर्ष पूर्ण

# हर्षोल्लास से मनाया प्रकृति शक्ति बड़ा देव वार्षिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 में स्थापित आदिवासियों के आराध्य प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थापना दिवस के 6 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम किया गया । सर्वप्रथम प्रकृति शक्ति बड़ा देव का विधिवत पूजन आदिवासी धर्मगुरु दादा मानसिंग इवनाती और पंडा योगेंद्र तेकाम द्वारा कराया गया । भव्य आतिशबाजी , ढोल नगाड़ों और संगीत की धुन पर बड़ा देव की महासुमरनी की गई । इसके पश्चात सांस्कतिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । जिसमें छिंदवाड़ा के प्रसिद्ध गोंडी गीत गायक राजा धुर्वे और गायिका शक्ति सरेयाम द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई । आदिवासी सांस्कतिक नृत्यों की प्रस्तुति आदिवासी प्रतिभाओं के द्वारा दी गई । आदिवासी धर्मगुरु दादा मानसिंग इवनाती द्वारा आदिवासी समाज को संगठित होकर शिक्षा , रोजगार , व्यापार , उन्नत तकनीक से कृषि करने नशामुक्ति , धर्मांतरण पर रोक सहित अन्य सामाज सुधार पर उद्बोधन दिया गया । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई परानी के परिजनों का



सम्मान , प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पुरुस्कृत किया गया । वृद्धजनों और अतिथियों का सम्मान किया । इसके बाद भोजन प्रसाद भंडारा भी कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश सराठी जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद , माया धुर्वे जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , विक्रम अहके महापौर , वीरपाल युनाति जिलाध्यक्ष एसटी मोर्चा भाजपा , सोहन वाल्मीकि विधायक , ज्योति डेहरिया विधानसभा प्रभारी , अनुपमा राय अध्यक्ष नगर परिषद न्यूटन , ब्रजकुमारी सरयाम जिलाध्यक्ष एसटी महिला कांग्रेस , संजय सराठी जिलाउपाध्यक्ष , राजेंद्र मरकाम रिटायर्ड इंजीनियर , भादू सिंह कुमरे संरक्षक आकास संगठन , अरुण मर्सकोले थाना प्रभारी परासिया , आयोजन समिति के सह संरक्षक अश्विनी मरकाम , नंदू इरपाची अध्यक्ष , सतीश सराठी उपाध्यक्ष , सुभाष नर्रे कोषाध्यक्ष , दीना मरकाम सह कोषाध्यक्षb, राहुल सराठी सचिव , राकेश सरयाम सह सचिव , रूपेश इरपाची महामंत्री , संजय कुमरे , विजय बरकड़े , नीलेश मर्सकोले, सत्यवान उईके , गोविंद मर्सकोले , हरीश उईके , यसवंत वाडीवा , रघुनाथ मसराम , सुरेन्द भलावी , दुर्गा उईके , अंजू उइके , राखी उइके , सीमा वाडीवा, गायत्री कुमरे,सुदेश भलावी , अनिल उईके , सकरलाल युनाति , पप्पू इरपाची , दीपक ककोडिया, मुकेश भलावी , अर्जुन उईके , आतिश उइके , दुर्गेश मर्सकोले, ज्ञानसा ककोडिया ,bअनिकेत सराठी , संजय उईके , संजय परतेती , युवराज परतेती, मोहित नर्रे सहित अन्य पदाधिकारी के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

## किसान कल्याण के लिए समर्पित वर्ष 2026



चौरई: मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज जम्बूरी मैदान, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कृषक कल्याण वर्ष–2026 का शुभारंभ किया। विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन एस डी एम कार्यालय चौरई के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को प्रभात मिश्रा एस डी एम चौरई, तहसीलदार पुष्पेंद्र पांडे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमेश पाटील एवं जनप्रतिनिधिगणों तथा किसानों द्वारा देखा व सुना गया। जिसके बाद **SDM** प्रभात मिश्रा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए रथ रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दी दिवस में शिक्षक शरद शिववेदी हुए सम्मानित

**जुन्नारदेव/ छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष में श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन जयपुर, राजस्थान के द्वारा शिक्षक शरद कुमार शिववेदी शासकीय हाई स्कूल बरेलीपार,विकास खण्ड जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को ₹विश्व हिंदी दिवस सम्मान 2026₹ से सम्मानित किया गया है । यह सम्मान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक एस .स्मृति सारस्वत के द्वारा शिक्षक शिववेदी को हिंदी भाषा के प्रचार- प्रसार साहित्यसृजन ,शिक्षा ,संस्कृति, जन -जागरूकता के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने व योगदान देने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है ।साथ ही ,फाउंडेशन की ओर से उन्हें जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा भी नियुक्त किया गया है जिससे कि वह फाउंडेशन के उद्देश्य धर्म ,जाति और समाज के भेदभाव से ऊपर उठकर इंसान व इंसानियत के लिए कार्य कर रहे हैं । इस उपलब्धि के लिए शिक्षक शिववेदी ने अपनी सुपुत्री मनुश्री शिववेदी को विशेष श्रेय दिया है । उक्त सम्मान प्राप्त होने पर जिले के सांसद ,क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विद्यालय परिवार के शिक्षकों, अभिभावकों, अनुविभागीय अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक , संकुल प्राचार्य ,मित्रों, गुरुजनों ,विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों व शुभ चिन्तकों के द्वारा बहुत -बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं ।

## विकासखंड स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स चयन स्पर्धा संपन्न



**जुन्नारदेव।** जिला स्तरीय खेलो एम.पी.यूथ गेम के लिए चयनित खिलाड़ी।खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश का ओलंपिक खेलो एम.पी.यूथ गेम का आयोजन किया जा रहा है खेल युवक कल्याण विभाग के अंतर्गत खेल कोऑर्डिनेटर विभा तारण ने जानकारी देते हुए बताया कि जुन्नारदेव विकासखंड पर 19 वर्षीय फुटबॉल,क्रिकेट, शतरंज,हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन नंदलाल सूद,विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय एवं शा.उच्च.विद्यालय डूंगरिया में किया गया था इस प्रतियोगिता में विकासखंड के लगभग 110 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया। विभिन्न खेलो में खिलाड़ियों को चयनित जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुरोध शर्मा के नेतृत्व में योगेश रुखमांगद,रागिब खान,सचिन बरहैया,राजू मालवी,मुकेश सूर्यवंशी के द्वारा चयन लिया गया। आगामी विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता 12 जनवरी को बैडमिंटन, टेबल टेनिस शासकीय महाविद्यालय वॉलीबॉल रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन भतोडीया शास.उच्च.विद्यालय में किया जाएगा।समस्त खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु खेल कोऑर्डिनेटर विभा तारण द्वारा सभी चयनकर्ताओं एवं संस्था प्राचार्य प्रमुख को का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम ने दिखाई किसान रथ को हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है । इसी संदर्भ में 11 जनवरी रविवार को मुख्यमंत्री का लाइव टेलीकास्ट का कार्यक्रम जनपद पंचायत परासिया में शुभम यादव (IAS), अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के उद्बोधन के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर विकासखंड परासिया की ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया ।यह कृषि रथ विकासखंड परासिया की सभी ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा , साथ ही सभी पंचायतों में कृषि एवं सभी एलाइड विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करेगा । रविवार को कृषि रथ सर्वप्रथम ग्राम पंचायत खमराजेठू में पहुंचा, जहां पर यात्रा के नोडल अधिकारी प्रमोद सिंह उट्टी , अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत खमरा जेठू में तकनीकी परिचर्चा का आयोजन किया गया । जिसमें समस्त विभागीय कर्मचारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उपस्थित किसानों को जैविक , प्राकृतिक खेती , ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली सहित कृषि आत्मा , उद्यानिकी , राजस्व , पंचायत ग्रामीण विकास एवं अन्य समस्त सहयोगी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में सहायक नोडल अधिकारी अमित बघेल सहित कृषि विभाग का समस्त मैदानी अमला , उद्यानिकी , राजस्व , पंचायत ग्रामीण विकास और फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि शामिल रहे ।आज के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच के हस्ते एक महिला किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया साथ ही किसानों ने प्राकृतिक खेती और औषधीय खेती के अनुभव साझा किए ।यह कृषि रथ विकासखंड परासिया की समस्त 91 पंचायतों में जाकर किसानों एवं ग्रामीणों को कृषि विभाग व सभी एलाइड विभाग तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं जानकारी उपलब्ध कराएगा ।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान पर समाज कार्य के अभ्यर्थी से चर्चा
## सामाजिक समरसता विषय में निबंध प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**जुन्नारदेव** :- म प्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत संपर्क कक्षाओं में मध्यप्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले अभियान की जानकारी से ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। तथा सभी छात्र छात्राएं अपने अपने चयनित सामाजिक प्रयोगशाला ग्राम में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। यह सुनिश्चिता तय की गई और जिम्मेदारी के साथ सभी प्रकार की गतिविधियों का आयोजन के जाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तारतम्य में वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद ताहिर ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए आगामी कक्षा में सामाजिक समरसता विषय में निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के विषय में जानकारी देकर सभी को प्रतियोगिता में भाग देने के लिए कहा गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 25 जनवरी को आयोजित होने वाले सामाजिक समरसता परिचर्चा कार्यक्रम मेंसम्मानित किया जाएगा।उपरोक्त आयोजन में सभी कक्षाओं के छात्र छात्राएं परामर्शदाता गोविंद नंदवंशी, योगिता मर्सकोले, दीपा पाटील रफीक खान एवं समस्त **BSW** / **MSW** के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## सातनकर जी के सेवानिवृत्त हो जाने पर शिक्षक स्टाफ की ओर से विदाई समारोह का भावभीनी कार्यक्रम

**दमुआः** शास. प्राथमिक शाला नांदना पिपरिया के सहायक अध्यापक श्री अमरलाल सातनकर जी के सेवानिवृत्त हो जाने पर संकुल केन्द्र नंदन के शिक्षक स्टाफ के द्वारा शसातनकर का शाला परिसर में विदाई समारोह का आयोजित किया गया इस अवसर पर संकुल केन्द्र नंदन के प्राचार्य रमांकत दुबे जी, साबूलाल पाल, आशीष वस्त्रकार जी, रवि दवण्डे जी ,जनशिक्षक अमरलाल गंगारे, रूपेश सर, शाला के शिक्षक फारूख, कमल भौरे, नरेश बानवंशी, रमेशचंद नागवंशी, रमेश जयस्वाल, ज्ञानेन्द्र शर्मा, सहित संकुल केन्द्र नंदन के सभी शिक्षक शिक्षिका स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित थे सभी ने सहायक अध्यापक अमरलाल सातनकर जी के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह कार्यक्रम में तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंटकर उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की तथा दीर्घ आयु जीवन की कामना करते हुए बधाईयां दी।



## कांग्रेस खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मिश्रा का किया गया भव्य स्वागत



### नवमनोनीत जिलाध्यक्ष जावेद अली ने की खेलों के संबंध में चर्चा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

कांग्रेस खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रशांत मिश्रा का गत दिनों बालाघाट मुख्यालय में आगमन हुआ। इस मौके पर खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ बालाघाट के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष जावेद अली एवम् उनकी टीम राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच द्वारा पुष्प हारों से भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे जिले में खेल एवम् खिलाडिय़ों की स्थिति एवम् भावनाओं को उच्च श्रेणी में विकास की ओर गति देने की दिशा व खेलों को प्रोत्साहित करने की चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बालाघाट जिला कांग्रेस अध्यक्ष व बैहर विधायक संजय सिंह उईके, खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता राकेश सिंघारे, रेलवे ब्रॉडगेज संघर्ष समिति अध्यक्ष अनूप सिंह बैंस, इंद्रजीत गौतम, अंशुमान गौतम, दिगम्बर डिक्वल, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रकोष्ठ विधान सभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच बालाघाट विधान सभा अध्यक्ष सुमेद बंसोड़, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच ग्रामीण अध्यक्ष राजेश कोलते, राजा पंचेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 7 दिवसीय श्री शिवपुराण कथा का पूजन, हवन एवं भंडारे के साथ समापन

# पापों का नाश करने वाले हैं भगवान शिव- कथाकार रामकृपाल त्रिपाठी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के बड़ा श्री राम मंदिर में श्री सकल समाज महिला मण्डल के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महा पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ हुआ। श्रीधाम वृंदावन के पूज्य गुरुदेव, अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक रामकृपाल त्रिपाठी द्वारा व्यास आसन पर विराजित होकर अपनी रसमयी ललित अमृत वाणी से सभी भक्तों को जीवन उध्दारक कथा सुनाई गई। शिवपुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की गई। महाराज श्री ने भगवान शिव से जुड़े प्रत्येक प्रसंग सहित ज्योतिर्लिंगों की स्थापना के विषय में भी विस्तार से भक्तों को बताया। अंतिम दिन हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

कथा के अंतिम दिन कथाकार श्री राम कृपाल त्रिपाठी ने भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल देने वाले हैं।

कथावाचक पंडित त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल, वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक.दूसरे के सहायक बनते हैं। जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं। वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते। शिव की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर सकते हैं, शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। इस अलौकिक शिवपुराण की कथा सुनना अर्थात पाप से विमुक्त होना है।

शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्त बड़ा श्रीराम मंदिर पहुॅचते रहे। कथा सार सुनकर श्रोता झूम उठे। कथा वाचक पंडित रामकृपाल त्रिपाठी ने शिव महापुराण कथा का सार बताते हुए कहा कि अपने अभिमान में चूर होकर दक्ष प्रजापति ने कनखल में यज्ञ किया। इसमें सभी देवों, ऋषि, मुनियों को आमंत्रित किया, लेकिन भगवान शिव की उपेक्षा की। इसकी सूचना सती को अपनी सहेलियों से मिली। इसके बाद शिव के समझाने के बाद भी वह यज्ञ में पहुंच गई। वहां उन्होंने देखा कि भगवान शिव का अपमान हो रहा है।

# आरईएस विभाग द्वारा ककोड़ी से साकरी टोला मार्ग पर सड़क बनाने की मांग ग्रामीणों ने की

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना से बदली ककोड़ी–साकरीटोला की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के किरनापुर विकासखंड के ग्राम ककोड़ी से साकरीटोला मार्ग पर 01 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से स्लैब कल्वर्ट का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस निर्माण से वर्षों पुरानी एक बड़ी समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी और राहत का माहौल है।

ककोड़ी और साकरीटोला के बीच स्थित नाला वर्षों से आवागमन में बड़ी बाधा बना हुआ था। बारिश के दिनों में नाले में जलस्तर बढ़ जाने से दोनों ग्रामों का संपर्क पूरी तरह कट जाता था। कई बार ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर पानी पार करना पड़ता था। विशेष रूप से किसान अपने खेतों तक पहुँचने, बच्चों को स्कूल भेजने तथा दैनिक जरूरतों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करते थे।

बरसात समाप्त होने के बाद भी नाले का कीचड़ और तेज बहाव लोगों की मुश्किलें कम नहीं होने देता था। ऐसे में ग्रामीण लंबे समय से एक स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के तहत इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा यहां मजबूत एवं सुरक्षित स्लैब कल्वर्ट का निर्माण कराया गया।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने बताया कि इस स्लैब कल्वर्ट के बन जाने से ककोड़ी और साकरीटोला के बीच सालभर निर्बाध आवागमन संभव हो गया है। किसानों को खेतों तक पहुंचने में सुविधा मिली है, विद्यार्थियों को स्कूल जाने के लिए नाले का पानी पार नहीं करना पड़ता और व्यापारियों व ग्रामीणों का आवागमन भी सुगम हो गया है।



स्लैब कल्वर्ट केवल एक संरचना नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन के लिए सुरक्षा, सुविधा और विकास का प्रतीक बन गया है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए भी सुगम रास्ता उपलब्ध कराता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण से उनके जीवन में वास्तविक बदलाव आया है और क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है। कुल मिलाकर, यह परियोजना शासन की जनहितैषी सोच और ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है।

# युवा दिवस पर लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में होगा विशाल रक्तदान शिविर आज

## अभाविप लांजी और मेधालिपि फाउंडेशन ने नगरवासियों से रक्तदान करने की अपील

हरिभूमि न्यूज लांजी।

युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर समाजसेवा की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत माता पब्लिक स्कूल मेधालिपि फाउंडेशन–24 के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे से लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों—"उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत"—से प्रेरित होकर यह आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा शक्ति समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और मानव सेवा में सक्रिय भूमिका निभाए। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



आयोजकों के अनुसार, शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रक्तदान की संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी, जिससे रक्तदाताओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित हो सके। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान जैसे महादान में भाग लें और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को सेवा और समर्पण के साथ मनाएँ।

आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नगरवासियों के सहयोग से यह रक्तदान शिविर पूर्णतः सफल होगा और अनेक जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा में सहायक सिद्ध होगा।

# स्व शैलेश गुप्ता स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज उकवा।



खेलो की नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में आए दिन कही न कही कोई न कोई प्रतियोगिता आयोजित होती रहती है,इसी कड़ी में उकवा के दिवंगत बहुत ही लोक प्रिय किराना व्यापारी एवं सूर्या क्लब उकवा के वरिष्ठ खिलाड़ी स्व शैलेश गुप्ता की पावन स्मृति में आज उकवा के सूर्या मैदान में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम उकवा की नव निर्वाचित सरपंच रामबती उईके,उपसरपंच शिवशंकर तिवारी,जनपद सदस्य रीता फूलोंके,जिला फुटबॉल संघ बालाघाट के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक ,ग्राम पंच रीना गुलशन जीजोतिया,महाकाल सेना नगर अध्यक्ष आकाश तिवारी ,सोनल गुप्ता ,पीताम्बर मेश्राम,आदि की गरिमामई उपस्थिति में रिबन काट कर किया गया,इस बार इस प्रतियोगिता में जिले की लगभग 15 टीमें हिस्सा ले रही है,जिसका भव्य समापन 15 जनवरी को किया जाएगा, जहां विजेता उपविजेता को नगद पुरस्कार के साथ चमचमाती ट्राफी एवं अनेक आकर्षक पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा,आज शुभारंभ अवसर पर पहला मैच पिंडकेपर और रुपझर के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमें मैदान में गोल दागने में असफल रही, और अंतिम निर्णय ट्राईबेकर के माध्यम से हुआ ,जिसमें रुपझर विजय रही,दुसरे मैच का निर्णय भी ट्राइबेकर से हुआ जिसमें चिखलाझोड़ी की टीम विजई रही,आयोजन को सफल बनाने की अपील आयोजक समिति के अजित बागड़े, कपिल टांडी, दीपक पनरिया,राजेंद्र टांडी, इशांत भारद्वाज, हर्ष मांगरे अंकित पंद्रे, नितेश ठाकरे, कार्तिक, अंकुश मांगरे,विशाल,दीपेश, रत्नविर, राजेंद्र, सचिन, हरिओम, बलराम, कृष्णा ,राजू, साहिल, अंकित ,दीपक, पुनीत, लवी, नीतेश, शनि, गुड्डन, राकेश ,आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# न्यू बजरंग क्रिकेट क्लब घोटी में T-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** न्यू बजरंग क्रिकेट क्लब घोटी द्वारा आयोजित T-10 स्व. अनिल कुमार टोक की स्मृति में पंचायती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता - 2026 का शुभारंभ 12 जनवरी 2026 को नन्दी चौक में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार कर्राह विधायक लांजी-किरनापुर, दुलिचंद राजनिरे जिला पंचायत सदस्य बालाघाट, रेखा ताराचन्द कालबेले अध्यक्ष नगर परिषद लांजी, अर्चना खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी, अजय अवसरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी आदि उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी- किरनापुर और सुश्री हिना कावरे पूर्व विधायक लांजी- किरनापुर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर 10वी और 12वी के मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10,010/- और द्वितीय पुरस्कार 5,005/- रखा गया है। एन्ट्री फिस 555/- है।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 8959231424, 9343090301, 9201220016, 7354790169 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर संयोजक तुकाराम बारेकर, आयोजक समिति घोटी के सदस्य गण, शुभम बारेकर, विरेन्द्र नारनौरे, एस. कुमार सिरामे, युवराज धारणे, विकास नारनौरे, विजय दल्लेमाल, अनुराग धारणे, योगेश वाकड़े, संदीप दल्लेमाल, नवीन मानकर, रवि मानकर, छोटु हुसैन, देवा नागफासे, आयुष नारनौरे, अजय मानकर, दीपक गजबे, सागर बिल्हारे, शुभम वाकड़े, राजा सैयद, इरफान खान, मृत्युंजय पांचे, अभिनव बारेकर, मुकिश चौके, नरसिम्हा चौधरी, शौरभ चौके, सलमान खान, राकेश मानकर, रजेन्द्र मानकर, भिवराम दांदरे, आशीष दांदरे, संजू कावरे, एवं समस्त खिलाड़ी गण वरिष्ट गण उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### बस चालकों के लिये नेत्र शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बस चालकों के नेत्रों की जाँच का आयोजन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार माह जनवरी 2026 में प्रतिवर्ष यातायात सप्ताह में शिविर का आयोजन किया जाता है. इस हेतु दिनांक 12.01.2026 दिन सोमवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सिवनी एवं यातायात प्रभारी सिवनी द्वारा सिवनी बस स्टैण्ड यातायात चौकी में बस चालकों की नेत्रों की जाँच का आयोजन किया जाना है।

### विवेकानंद जयंती पर विशाल पथ संचलन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी में राष्ट्र पुरूष युवा तरूणाई के प्रेरणा स्त्रोत विश्व में भारत की यश पताका फहराने वाले स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती (युवा दिवस) पर विशाल पथ संचलन एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा मनमोहक सुंदर झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, राधा कृष्ण आदि के सुंदर सुंदर स्वरूपों में सजे धजे बच्चे पथ संचलन की शोभा में वृद्धि करते नजर आएंगें। पथ संचलन में विद्यालय का घोष दल, अश्वारोही एवं रथ में सवार भैया बहिन पथ संचलन की सुंदरता में अनोखी रंगत उत्पन्न करते हुए दिखाई देगें।

### हिन्दू समरसता समागम आज

**बरघाट-** आज 12 जनवरी 2026 दिन सोमवार, दोप. 12 बजे आगामी 1 फरवरी को डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नये बस स्टैंड प्रांगण में होने जा रहे हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम हेतु स्थल पूजन के लिए श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा के द्वारा डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर नया बस स्टैंड पहुंचेंगे। स्थल पूजन के पश्चात कलश वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। आयोजक सकल हिंदू समाज ने बताया मुख्य कार्यक्रम दिनांक 01 फरवरी दिन रविवार को दोप. 12 बजे, डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर नया बस स्टैंड, बरघाट में संपन्न किया जाना हैं जिसमे पूज्य संत द्वारा आशीर्वचन, मातृ शक्ति व सामाजिक वक्ता द्वारा उद्बोधन किया जावेगा।



# 13 वर्षों से अटूट है विश्वास मां षष्ठी देवी के जयकारों के साथ कान्हीवाड़ा से कपूर्दा पदयात्रा का आगाज

## कान्हीवाडा से कपूर्दा पैदल यात्रा युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

कान्हीवाड़ा से कपूर्दा स्थित मां षष्ठी देवी धाम के लिए निकाली जाने वाली वार्षिक पैदल यात्रा का आज प्रथम दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। यह यात्रा इस वर्ष अपने 13 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिसमें हर वर्ष की तरह इस बार भी युवा श्रद्धालु शामिल हुए।

सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालु मां षष्ठी देवी के जयकारे लगाते हुए पैदल यात्रा पर रवाना हुए। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

यात्रा में विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी देखने को मिली। स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह यात्रियों के लिए पानी, चाय, नाश्ता एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। इससे श्रद्धालुओं को यात्रा में काफी सहूलियत मिली।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि यह परंपरा पिछले 13 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। मां षष्ठी देवी के प्रति गहरी आस्था के चलते हर साल युवा बड़ी संख्या में इस यात्रा में भाग लेते हैं और मां से सुख-समृद्धि व परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। यात्रा कपूर्दा स्थित मां षष्ठी देवी धाम पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन के साथ संपन्न होगी।

# लखनादौन पुलिस ने किया बाइक चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस को चोरी गये 02 मोटरसायकल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

प्रार्थी धर्मेंद्र पिता डेहसिंह झारिया निवासी करेली थाना आदेगांव ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 02/01/2026 को गनेशगंज से इसकी एस एफ डीलक्स मो.सा. क्रमांक एमपी 22 एमएच 9861 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है एवं प्रार्थी सुमतलाल पिता रम्मूलाल धुर्वे निवासी गंजटोला गनेशगंज ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 04/01/2026 को गनेशगंज से होंडा लिवो मो.सा. क्रमांक एमपी 22 एमएल 6735 को कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट दर्ज कर चोरी की मो0सा0 की पतारसी हेतु टीम का गठन किया गया दिनांक 11/01/2025 को मुखबिर सूचना हुई कि एक व्यक्ति लखनादौन में संदिग्ध अवस्था में मो.सा. बेचने की कोशशि कर रहा है सूचना पर टीम द्वारा घेरांबदी कर पकड़ा गया जिसका नाम पूछने पर दुर्गेश पिता धरमसिंह इनवाती उम्र 30 साल निवासी



देवरीकला थाना लखनादौन का बताया जिसने मो.सा. चोरी करना कबूल किया जिसके कब्जे से मो.सा. जप्त कर गिरफ्तार किया गया ।

# गिफ्ट अ डेस्क अभियान गोल्ड स्कॉच अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित गिफ्ट अ डेस्क अभियान को गोल्ड स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दिल्ली में आयोजित 105वीं स्कॉच समिट में प्रदान किया गया। गोल्ड स्कॉच अवार्ड नवाचार, प्रशासनिक उत्कृष्टता और जनसहभागिता को बढ़ावा देने वाली पहलों के लिए प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। इसे उन परियोजनाओं को सम्मानित करने हेतु दिया जाता है, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव और प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित की हो।



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि यह सम्मान जिले में प्रशासनिक उत्कृष्टता और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाली पहल का प्रमाण है। अभियान के तहत जन सहयोग से शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए सुविधाजनक डेस्क-बेंच उपलब्ध कराए गए, जिससे बच्चों के अध्ययन हेतु बेहतर और सुगम वातावरण सुनिश्चित किया जा सका।

उल्लेखनीय है कि जिले के 1263 स्कूलों में लगभग 17,200 डेस्क-बेंच जन सहयोग से उपलब्ध कराये गए हैं, जिससे 40 हजार से अधिक बच्चे इससे लाभान्वित हो रहे हैं। जिले में विकासखंड धनोरा और घंसौर के शत प्रतिशत स्कूलों में डेस्क बेंच की उपलब्धता हो चुकी है, जबकि सिवनी और केवलारी विकासखंड में कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव का शानदार आगाज 14 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

फ्रेंड्स क्लब केवलारी के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राज्यीय ग्रीन टेनिस बॉल टूर्नामेंट का आयोजन, 14 जनवरी से होगा आगाज, विजेता टीम को मिलेगा 111000 हजार रूपये का इनाम ट्राफी सहित,दूसरा इनाम 51000 हजार रूपये ) ट्रॉफी सहित साथ ही चीयर लीडर्स करेंगी सेलिब्रेट।

मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के केवलारी में 14 जनवरी से ग्रीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है।

इस आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम में आईपीएल की तरह भव्य आतिशबाजी के साथ चीयर्स लीडर की प्रस्तुति भी देखने को मिलेगी,स्व. सत्यप्रकाश एवं स्व. सुमन अग्रवाल की स्मृति में सुनील अग्रवाल के द्वारा प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार चेमनसिंह बघेल के सौजन्य से दिया जायेगा, फ्रेंड्स क्लब केवलारी की आयोजन समिति ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन हर साल नए और वृहद रूप में होता रहेगा, इस प्रतियोगिता में प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, उन्होंने बताया कि, भव्य आतिशबाजी सहित अन्य व्यवस्थाओं के साथ केवलारी में इसे आईपीएल मैचों की तरह सेलिब्रेट किया जाएगा , यह आयोजन 14 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलेगा।

आयोजन समीति ने बताया कि, इस टूर्नामेंट में प्रदेश के अलग-अलग जगह से टीमें भाग लेने आ रही है। बता दें कि फ्रेंड्स क्लब अपनी अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी विगत कई वर्षो से करा रहा हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का एकमात्र उद्देश्य शहर और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। जिससे केवलारी जिला सिवनी और मध्यप्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन हो सके, इसके साथ ही मेन ऑफ द सीरीज रिदा स्पोट्र्स करीम स्पोट्र्स की और से 7100 रूपये एवं ट्राफी,बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट दर्शक सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे, प्रतियोगिता में देश भर से कुल 16 टीमों को प्रवेश दिया जाएगा।

एंट्री फीस 7000 हजार रुपए रखी गई है, प्रत्येक मुकाबला 10 ओवरों का होगा जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के ओवरों की सीमा समिति द्वारा तय की जायेगी,आयोजन की प्राथमिकता निष्पक्ष खेल भावना है,प्रत्येक मैच को श्याम टीवी लाइव यू ट्यूब चैनल पर दिखाए जाने की व्यवस्था रखी गई है, यह आयोजन सांदीपनी विद्यालय सी एम राइस खेल मैदान केवलारी में आयोजित होगा।

# संकल्प से समाधान अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य शासन की 106 प्रमुख हितग्राहीमूलक एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं तथा शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि अभियान अंतर्गत शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का अंतिम निराकरण 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जाए।

अभियान का संचालन चार चरणों में किया जाएगा।

प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

द्वितीय चरण 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर अनिराकृत शेष आवेदन, शिकायतों एवं नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

चतुर्थ एवं अंतिम चरण 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक जिला स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से समस्त अनिराकृत शेष आवेदन, शिकायतों एवं नवीन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण सिवनी को शहरी क्षेत्र हेतु सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर संपर्क दलों का गठन किया गया है। इन दलों में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव (दल प्रभारी), पटवारी, रोजगार सहायक, पेसा ब्लॉक अंतर्गत मोबिलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। संपर्क दल घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार से संपर्क कर चिन्हित योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की पहचान करेंगे, उनसे विधिवत आवेदन प्राप्त कर जानकारी रजिस्टर में संधारित करेंगे। यह कार्य शिविर आयोजन से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाएगा तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रस्तुत की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि अभियान को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं एवं सेवाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### विकासखंड कुरई में ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा 15-16 जनवरी को आयोजित

कुरई / जनवरी 2026 माननीय जिला कलेक्टर महोदया श्रीमती शीतला पटले के दिशा-निर्देश, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे जी के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत विकासखंड कुरई में ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी 2026 को क्रीड़ा परिसर, कुरई में प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने बताया कि यह प्रतियोगिता विकासखंड कुरई के बालक एवं बालिका खिलाडियों के लिए आयोजित की जा रही है।

प्रतिभागी खिलाड़ी विकासखंड कुरई के निवासी होने चाहिए।

ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में कुल 21 खेलों को शामिल किया गया है,

# यातायात नियमो का उल्लंघन कर चलने वाली 3 बसों पर 15000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा सडक़ सुरक्षा माह में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध निरंतर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में बरघाट रोड पर जिला दंडाधिकारी के आदेश के उपरांत भी उक्त मार्ग पर नियमों का उल्लंघन कर संचालित बसों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिए गए थे। इसके उपरांत आज दिनांक को यातायात पुलिस सिवनी द्वारा प्रातः




बरघाट रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग अभियान चलाया गया, चेकिंग के दौरान बस क्रमांक रूक्क 50 एचई 4154, एमपी 20 पीए 1184 एवं एमपी 22 पी 8101 बरघाट रोड पर नियमों का उल्लंघन कर चलती पाई गई। जिस पर यातायात थाने के चेकिंग दल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह परिहार द्वारा प्रत्येक वाहन 5000 का जुर्माना करते हुए कुल 15000/- का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही बस संचालकों को हिदायत दी गई की जिला दंडाधिकारी महोदय के आदेशो का पूर्णतः पालन करें उक्त मार्ग को बसों एवं भारी वाहनों हेतु प्रतिबंधित किया गया है इस बात का ध्यान रखें। आदेशो का पालन न करने पर भविष्य में कठोर कार्यवाही के साथ-साथ लाइसेंस निलंबन भी प्रस्तावित किया जायेगा।

यातायात पुलिस सिवनी की समस्त बस संचालको से अपील है कि नियमो का पालन करे एवं यातायात को सुगम बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करे।

# मोटर साइकिल से 3500 किमी की नर्मदा परिक्रमा, घंसौर के दो नर्मदा भक्तों ने रचा आस्था का उदाहरण



### मानव कल्याण और नर्मदा संरक्षण का संदेश लेकर 26 दिसंबर से 8 जनवरी तक पूरी की कठिन यात्रा

घंसौर /पतित पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा अनादि काल से आस्था, तप और आत्मिक शुद्धि का प्रतीक रही है। इसी पावन परंपरा को जीवंत करते हुए घंसौर नगर के दो नर्मदा भक्तों ने मोटर साइकिल से लगभग 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह अनुकरणीय यात्रा घंसौर निवासी वाटर सर्विस संचालक घनश्याम साहू एवं सोनी टेंट हाउस संचालक दिलीप सोनी द्वारा संपन्न की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों नर्मदा भक्तों ने 26 दिसंबर को घंसौर के समीप स्थित छिंदवाड़ा घाट से मां नर्मदा की परिक्रमा का शुभारंभ किया था। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, मौसम की चुनौतियों और लंबी दूरी के बावजूद उन्होंने पूरी श्रद्धा और संकल्प के साथ यह यात्रा जारी रखी और 8 जनवरी को सकुशल अपनी परिक्रमा पूर्ण की। लगभग 3500 किलोमीटर की यह यात्रा मोटर साइकिल से तय करना अपने आप में साहस, अनुशासन और अटूट श्रद्धा का परिचायक है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन सायकिल वितरण कार्यक्रम में हुये सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सायकिल वितरण कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया। भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने छपारा नगर मे स्थित सांदीपनि स्कूल के सायकिल वितरण कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे ठाकुर रजनीश सिंह विधायक के साथ सहभागिता कर 221 छात्र-छात्राओं को सायकिलों का वितरण किया। जहां सर्वप्रथम आपके करकमलों से मां सरस्वती जी का पूजन कर कार्यक्रम आरंभ कराया गया। इसके उपरांत विद्यालय परिवार द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित सभी अतिथियों का पुष्प मालाओं से अतिथि सत्कार किया गया।

इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि यह साइकिल मात्र एक साधन नहीं, बल्कि आपके परिश्रम और सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ता एक कदम है। मुझे विश्वास है कि अब आपकी स्कूल की राह और भी आसान होगी और आप नई ऊर्जा के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे।आप सभी खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम कोठिया (दिघौरी) बिहिरीया स्थित श्री महावीर हनुमान मंदिर प्रांगण मे क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित भक्ति से परिपूर्ण, नीति और धर्म का सच्चा प्रकाश श्रीराम कथा का श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। कथा के दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य पंडित नीलेश शास्त्री जी महाराज वृंदावन धाम का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया तथा उन्होंने ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी वन चेतना केंद्र पायली मे दक्षिण सिवनी (सामान्य) वनमंडल सिवनी वन परिक्षेत्र द्वारा स्कूली विद्यार्थियों का प्रशिक्षण सह जागरुकता अभियान अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे शामिल होकर पूजन उपरांत कार्यक्रम आरंभ कराया।

## वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा हिंदी का दबदबा

# विश्व हिंदी सम्मेलन के 51 वीं वर्षगाँठ पर विश्व हिंदी दिवस का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व हिंदी दिवस की 51 वीं वर्षगांठ पर पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में वैश्विक परिप्रेक्ष्य और हिंदी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, विद्वान वक्ताओं और प्राध्यापको ने अपने विचार रखे तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हिंदी के महत्व को समझाया.

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की आराधना और पुष्प अर्पण से हुई. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस विभाग के निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे ने उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा हिंदी है. कहा कि हिंदी वैज्ञानिक और भावनात्मक भाषा है, हिंदी हमारे व्यवहार की भाषा है. हिंदी में ज्ञान और विज्ञान का अक्षय भंडार समाया है. उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के सही उपयोग का आग्रह किया. ठाकरे ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए हिंदी में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं. उल्लेखनीय है कि ओमेश्वर ठाकरे ने भोपाल के दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन में हिस्सा ले चुके हैं.

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ



सविता मसीह ने हिंदी भाषा के उद्भव और विकास को समझाया. हिंदी के महत्व पर व्यापक रोशनी डाली. डॉ.मसीह ने कहा कि अपने राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए हमें हिंदी भाषा को अपनाना होगा. हिंदी को जानना- समझना होगा .

कार्यक्रम के विशेष वक्ता प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने कहा कि आज, 21 वीं सदी के वैश्विक स्तर पर हिंदी का दबदबा बढ़ता जा रहा है. कहा कि हिंदी हमारा मान- सम्मान, पहचान और अभिमान है। उन्होंने बताया कि फादर कामिल बुल्के जैसे हिंदी सेवक ने हिंदी में राम कथा लिखकर पूरे विश्व में राम कथा का व्यापक प्रचार प्रसार किया. बताया कि फ्रांसीसी व्यक्ति गार्सा द तांसी ने सबसे पहले हिंदी साहित्य का इतिहास लिखा. जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने भक्तिकाल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहा. बताया कि पिछले 135 वर्षों से नागरी प्रचारिणी सभा जैसी संस्था हिंदी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत है. हिंदी विभाग के प्रो. सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने बताया कि वर्ष 2025 को विश्व हिंदी सम्मेलन के स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया गया. बताया कि 10 जनवरी 1975 को नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुआ था. तब से लेकर आज तक कुल 12 बार विश्व हिंदी सम्मेलनों का आयोजन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में किया गया है. सबसे अधिक भारत और मॉरीशस में तीन-तीन बार विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुए हैं. लंदन और न्यूयॉर्क में भी विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुए. प्रोफेसर शेन्डे ने बताया कि 2015 में भोपाल में आयोजित दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन में अब तक सबसे अधिक पचास देशों के 2000 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए थे.

# जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी, परीक्षा 8 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के प्राचार्य श्री महेश कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चयन परीक्षा में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत इच्छुक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क सेंटर के माध्यम से अथवा स्वयं डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा वेबसाइट पर जाकर पूर्ण की जा सकती है। आवेदन हेतु प्रोसेसिंग शुल्क 200 रुपये निर्धारित है, इसके अतिरिक्त कोई अन्य शुल्क देय नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विगत सत्र से उत्कृष्ट विद्यालय में एक सेक्शन अंग्रेजी माध्यम से भी संचालित किया जा रहा है, अतः अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय कक्षा सातवीं की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पूर्ण पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी तथा विद्यार्थी का नवीनतम फोटो (फोटो खिंचवाने की दिनांक सहित) आवश्यक होगा। प्राचार्य ने यह भी बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास संचालित हैं, जिनमें सभी वर्गों के विद्यार्थियों को नियमानुसार निःशुल्क प्रवेश एवं निःशुल्क आवास सुविधा प्रदान की जाती है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के साथ-साथ अटल टिंकरिंग लैब, उन्नत प्रयोगशालाएं, उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियाँ तथा योग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी हेतु संस्था शिक्षक श्री देवेंद्र ठाकुर से मोबाइल नंबर 7697613865 एवं 9301964294 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अधिक मात्रा में किसानों का धान तौले जाने पर 3 केंद्रो के प्रभारियों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों से निर्धारित मात्रा से अधिक धान की तौल करने के कारण कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने उनके विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। इनमें धान उपार्जन केंद्र सेवती, मजगांव एवं बोदा केंद्र के उपार्जन प्रभारी शामिल है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत उपार्जन केंद्र सेवती, परसवाडा विकासखंड के उपार्जन केंद्र मजगांव एवं बोदा के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसानों से अधिकांश बोरियों में 800 ग्राम तक अधिक धान की तौल की गई है। इन केंद्रो की जांच के दौरान पोर्टल पर दर्ज खरीदी की मात्रा और केंद्र




पर उपलब्ध बोरियों की संख्या के आधार पर धान की अतिरिक्त मात्रा पायी गई है। जिस पर सेवती केंद्र के प्रभारी दामोदर पांचे, मजगांव केंद्र के प्रभारी सुनिल चौधरी एवं बोदा केंद्र के प्रभारी ओमकार एड़े के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दिये गए है।

# 7 फरवरी से होगी बोर्ड परीक्षाएं, 10वीं की 11 फरवरी से

## 132 केंद्रों पर 39173 छात्र होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो गई हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार, कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से 2 मार्च तक होंगी। जिले में कुल 132 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी दोनों की परीक्षाएं आयोजित होंगी।



इस साल कुल 39,173 छात्र बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। इसमें कक्षा 10वीं में 21,682 और कक्षा 12वीं में 17,491 परीक्षार्थी हैं। स्वाध्यायी छात्रों की बात करें तो कक्षा 10वीं में 1,154 और कक्षा 12वीं में 863 छात्र परीक्षा देंगे। इनके लिए सांदीपनी स्कूल बालाघाट और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बोर्ड ने इन दोनों केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था के पूर्ण इंतजाम किए गए हैं। छात्रों की सुविधा के लिए कक्षाओं में बैठने और समय पालन के निर्देश स्पष्ट किए गए हैं।

बता दें कि, पिछले साल परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हुई थीं, जबकि इस वर्ष बोर्ड ने परीक्षाओं को पहले आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें।

# कटंगी चेकपोस्ट पर दो ट्रकों से 66 हजार किलो से अधिक धान जब्त, जांच जारी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से धान उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग के नहलेसर्रा कटंगी चेकपोस्ट/बैरियर पर अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले धान से लदे वाहनों की सघन जांच की जा रही है।



जांच के दौरान चेकपोस्ट पर दो ट्रक भारी मात्रा में धान परिवहन करते हुए पकड़े गए। पहला ट्रक क्रमांक BR01GH8142, जिसमें 30 हजार 575 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे चालक मुन्ना सिंह द्वारा परिवहन किया जा रहा था। वहीं दूसरा ट्रक क्रमांक MH40CT1703, जिसमें 35 हजार 435 किलोग्राम मोटा धान लोड पाया गया, जिसे चालक ईसाम मोहम्मद चला रहा था।

दोनों ट्रक जिले की राइस मिलों की ओर जा रहे थे। दस्तावेजों की जांच में धान उपार्जन केंद्रों में अनाधिकृत रूप से विक्रय किए जाने की आशंका व्यक्त की गई। इस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के मौखिक निर्देशानुसार दोनों ट्रकों को धान सहित नहलेसर्रा वनोपज जांच चौकी पर खड़ा कराकर अभिरक्षा में लिया गया है।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कलेक्टर बालाघाट एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटंगी के आगामी निर्देश प्राप्त होने के बाद ही धान से लदे इन ट्रकों को अभिरक्षा से मुक्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य का लाभ, बिना इलाज के लौट रहे मरीज

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैतपुरी में डॉक्टर नदारद, सप्ताह में एक दिन खुलता हैं ताला

हरिभूमि न्यूज गढ़ी ।

बैहर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गढ़ी क्षेत्र के जैतपुरी उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर नहीं खुल रहा है इसमें डॉक्टर की लापरवाही उजागर हो रही है आए दिन यहां पर ताला जड़ा रहता है उप स्वास्थ्य केंद्र जैतपुरी में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर लक्की पटले स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बरत रहे हैं मुख्यालय में न रहकर बैहर से सप्ताह में एक बार आना जाना करती है वह भी और कुछ ही घंटों के लिए और अपने मनमर्जी से उपस्थिति देकर चली जाती है जिस कारण आम जन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और ग्रामीणजन स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति परेशान है। बैहर बीएमओ डॉक्टर हरीश मसराम की मेहरबानी इस कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पर इतनी है कि वह



सरकारी वाहन से अपनी ड्युटी आती है बाकायदा इसके लिए बीएमओ द्वारा ड्यूटी आने-जाने के लिए सप्ताह में एक बार अस्पताल की मोबिलिटी गाड़ी दिया जाता है जबकि शासन के निर्देशानुसार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को उप स्वास्थ्य केंद्र में अपना मुख्यालय बनाकर सेवा देने का आदेश है वन ग्राम जैतपुरी गढ़ी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है ग्रामीणजन दूर-दराज से अपने ईलाज स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटक रहे हैं मजबूर होकर ग्राम वासियों को 15 किलोमीटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी जाकर इलाज करना पड़ता है जैतपुरी के अधिक से अधिक ग्राम में राष्ट्रीय टीकाकरण भी बच्चों को नहीं लगाया गया हैं समय पर यहां के सारे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कागज में ही रिकॉर्ड होकर के रिपोर्टिंग कर दिया जाता है ना कोई सुपरवाइजर यहां आता है ना ही कोई अधिकारी का निरीक्षण होता है ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की अनुपस्थित होने के कारण मरीज को स्वास्थ्य के लिए भटकना पड़ रहा है निरीक्षण करने के लिए कोई अधिकारी कर्मचारी यहां पर नहीं आते आज दिनांक तक सिविल अस्पताल बैहर से किसी भी आधिकारिक निरीक्षण करने नहीं आया है वहीं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजमेंट (बीपीएम ) अर्चना वासनिक के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण नहीं किया जाता है। कई मरीज मजबूर होकर निजी क्लिनिको में महंगा इलाज करने के लिए विवश है । आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्देश्य ग्रामीण को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

### इनका कहना है

उप स्वास्थ्य केंद्र जैतपुरी के सीएचओ पर कार्यवाही भी की है यह मामला मेरे जानकारी में था इसमें मैंने जांच भी की है और सीएचओ का वेतन भी काटा है मैं बीएमओ बैहर को कार्यवाही के लिए पत्र लिखता हूं।

# सफ़ेद उल्लू ने चौकाया - चार बच्चे मिले



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के वारासिवनी में रहने वाले उपेंद्र बांगरे के करीब सौ साल पुराने खंडहरनुमा मकान को जब तोड़ा जा रहा था, तब उसके भीतर से चार दुर्लभ सफेद उल्लू मिले। जैसे ही इन उल्लुओं के मिलने की खबर फैली, उन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इन उल्लुओं को अब सुरक्षित रूप से वन विभाग के हवाले किया जाएगा।

वन्यजीव विशेषज्ञ अभय कोचर ने बताया कि ये 'बार्न आउल' प्रजाति के उल्लू हैं, जिन्हें आम भाषा में 'खलिहानी उल्लू' कहा जाता है। इनकी सबसे बड़ी पहचान इनका दिल (हार्ट) के आकार का चेहरा और छोटी चोंच और आंखें हैं। इन्हें किसानों का सबसे अच्छा मित्र माना जाता है क्योंकि ये बड़ी संख्या में खेतों और खलिहानों के चूहों का शिकार करते हैं, जिससे फसलें सुरक्षित रहती हैं।

ये उल्लू अक्सर पुरानी इमारतों, खंडहरों और पेड़ों के खोखले हिस्सों में रहना पसंद करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आज के समय में जादू-टोना और उनके रहने की जगहों के खत्म होने के कारण इन दुर्लभ पक्षियों की जान पर संकट मंडरा रहा है। प्रकृति के संतुलन और किसानों की भलाई के लिए इन सफेद उल्लुओं का संरक्षण बहुत जरूरी है।

# जीरामजी योजना में जियोटैग रोकेगा काम की चोरी : पटेल

## कहा- कांग्रेस को गांधी से नहीं, राम नाम से है दिक्कत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल रविवार को एक दिवसीय दौरे पर बालाघाट पहुंचे। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने 'जीरामजी योजना' को लेकर कांग्रेस की आपत्तियों पर तीखा पलटवार किया।

पटेल ने कहा कि कांग्रेस को गांधीजी की चिंता नहीं, बल्कि राम के नाम से नाराजगी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधीजी की जन्मशताब्दी कब निकल गई किसी को पता भी नहीं चला, जबकि मोदी सरकार ने बापू की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक सम्मान दिया है।

योजना की बारीकियों पर बात करते हुए मंत्री पटेल ने पारदर्शिता का दावा किया। उन्होंने बताया कि 'जीरामजी योजना' के तहत होने वाला हर काम जियोटैग (डिजिटल लोकेशन मैपिंग) से लैस होगा। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। अब न तो काम की चोरी हो सकेगी, न सरकारी संपत्ति में कोई हेरफेर कर पाएगा और न ही मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी तरीके से पैसा निकाला जा सकेगा।

100 दिन से कम काम मिलने और मजदूरी के सवाल पर मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में मनरेगा की मजदूरी में जितनी बढ़ोतरी हुई है, उतनी पहले कभी नहीं हुई।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि 'जीरामजी योजना' में भी मजदूरी कम नहीं होगी, बल्कि समय और हालात के हिसाब से इसे बढ़ाकर ही दिया जाएगा।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उन्होंने राजनीतिक फायदे के लिए 'नरेगा' का नाम 'मनरेगा' किया था, जबकि भाजपा असल काम पर ध्यान दे रही है।

# बालाघाट में द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर, समनापुर रोड, भटेरा, बालाघाट में कल 12 जनवरी सोमवार को एक भव्य एवं पावन आध्यात्मिक आयोजन संपन्न होने जा रहा है।यह महर्षि ज्ञान युग दिवस समारोह , परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के 109वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से वैदिक



मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा।इस विशेष अनुष्ठान में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया जाएगा, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो जाएगा। आयोजन उपरांत समस्त श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।आयोजन समिति द्वारा समस्त शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस पुण्यदायी आयोजन में सहभागिता करें एवं भगवान शिव की आराधना का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम जनमानस में आध्यात्मिक चेतना, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य विश्व शांति की स्थापना करना है जो परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी की परिकल्पना ₹धरती पर स्वर्ग₹की ओर एक प्रयास है।संस्था के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी , प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया और विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों , विद्यार्थियों और अतिथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने की अपील की है।

# बाबा जुमदेव को भारत रत्न देने की मांग



## 'परमात्मा एक सेवक' सम्मेलन में तीन राज्यों से 10 हजार लोग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शनिवार को 'परमात्मा एक सेवक' सम्मेलन हुआ। इसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से 10 हजार से अधिक सेवकों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के माध्यम से महान त्यागी बाबा जुमदेव जी को उनके सामाजिक कार्यों के लिए भारत रत्न दिए जाने की मांग उठाई गई।

यह सम्मेलन परमपूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल द्वारा मानव धर्म सेवक सम्मेलन और सामूहिक हवन के रूप में आयोजित किया गया था। सेवकों का मानना है कि बाबा जुमदेव जी ने जीवन भर मानव जागृति के लिए काम किया, जिसके लिए उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए।

सम्मेलन के लिए सेवक एक दिन पहले से ही बालाघाट में जुटना शुरू हो गए थे। कार्यक्रम में सामूहिक हवन, रैली और शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, देवराज तुमसरे और मार्गदर्शक राउत सहित सेवक मंडल के संचालक, मार्गदर्शक और अन्य सेवकों ने हिस्सा लिया। दोपहर 12 बजे भगवान बाबा हनुमानजी और महान त्यागी बाबा जुमदेव की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया।

मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथि सत्कार के साथ हुआ। सभी वक्ताओं ने बाबा जुमदेव और परमात्मा एक सेवक मंडल द्वारा मानव जागृति में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। नागपुर से आए संचालक महेंद्रसिंह गुरबेले ने बताया कि बाबा जुमदेव जी ने अंधश्रद्धा निर्मूलन, जाति बंधन समाप्त करने और व्यसन मुक्त समाज बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ईसाई धर्म अपनाने वाले परिवार से डहरवाल कलार समाज ने तोड़ा रिश्ता

# चिखला बांध में डहरवाल कलार का जिला स्तरीय महासम्मेलन का हुआ आयोजन

### संस्कार, संस्कृति और सनातन धर्म को छोड़कर धर्मपरिवर्तन करना समाज माफ़ नहीं करेंगी: राजेंद्र साकरे



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** डहरवाल कलार समाज एक हिंदू समाज है। डहरवाल कलार समाज ने सनातन और समाज हित के उद्देश्य से ईसाई धर्म अपनाने वाले परिवारों से रिश्ता, नाता और संबंध नहीं रखने का फैसला लिया गया है। सनातन (हिंदू) धर्म में पंथ और धर्म हमारे समाज के भोले-भाले और गरीब भाई- बहन को निशाना बनाकर धर्मपरिवर्तन करा रहे हैं, जो भाई- बहन अपनी संस्कार और संस्कृति को छोड़कर दूसरे पंथ व धर्म को अपनाते ही सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को विसर्जित कर देते हैं ऐसे धर्म को हिन्दू धर्म होने का समाज दर्जा नहीं देता है समाज माफ़ नहीं करेगा। उक्त बातें कलार समाज संगठन द्वारा आयोजित डहरवाल कलार वर्ग का जिलास्तरीय महासम्मेलन 11 जनवरी को खैरलांजी तहसील के ग्राम चिखला बांध में भव्य स्तर से सम्मान हुआ। जिसमें डहरवाल कलार समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र साकरे ने कहीं ।

डहरवाल कलार समाज में 13 दिसंबर 1999 को बालाघाट पहला सम्मेलन हुआ था, तब से लेकर कलार समाज का सर्वांगीण विकास के लिए सम्मेलन होते जा रहा हैं। इसी तारतम्य में भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर सम्मेलन का आयोजन ग्राम समिति चिखलाबांध एवं दैतबर्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया और युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन में बढ़चढ़ कर युवा वर्ग ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश उच्चीबागले, सुनिल नगरगडे और जिला डहरवाल कलार समाज के संयोजक डी. सी. डहरवाल, सह संयोजक शिवाजी बाविसताले, प्रयागराज सुहागपुरे, जिला अध्यक्ष राजेंद्र साकरे, दुर्गाप्रसाद बाविसताले, परदेशी राठौर, रमन बिठले, लक्खू पटेल, रामचंद साकरे, विजय बाविसताले सहित ग्राम चिखला बांध के जिलाध्यक्ष रोहनलाल बघेल, मनोज बिठले, विरेंद्र बिठले, निखी मण्डलेकर, राजू जामुनपाने, राहुल बिठले सहित ग्रामीणों की मौजूदगी। डहरवाल कलार संगठन के द्वारा समाज को अग्रसर करने के लिए प्रतिवर्ष एक विषय चर्चा की जाती है, पहले शादी समारोह में लग्न लगने का समय 11 बजे रात्रि तक तय किया गया। फिर मृत्युभोज पर सदा भोज करने का निर्णय लिया गया और अब इस बार समाज में चल रहा धर्मपरिवर्तन को लेकर मुद्दा, चर्चा और कुरीतियों को खत्म करने का उद्देश्य रखा गया।

डहरवाल कलार समाज जिलाध्यक्ष राजेन्द्र साकरे ने कहा कि डहरवाल वर्ग का प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महासम्मेलन का आयोजन चिखला बांध में किया गया। धर्मपरिवर्तन को लेकर उन्होंने कहा कि समाज में एक पंथ अपने आप को हिन्दू मानता हैं और उस पंथ को अपनाने ही अपने संस्कार, संस्कृति और सनातन धर्म को भूल जाते हैं यहीं नहीं वह अपने कुलदेवता, सभी देवी देवताओं की मूर्तियों को विसर्जित कर देते हैं फिर यह हिंदू कैसे हो सकते हैं। यह अपने धर्म को छोड़कर दूसरे पंथ व धर्म में सामिल हो रहे हैं। यह केवल समाज को तोड़ना, परिवार में विवाद उत्पन करना है, जो डहरवाल समाज ऐसे परिवारों को माफ़ नहीं करेगा जो अपने धर्म को छोड़कर दूसरे पंथ को अपना रहे हैं।

## 62 पंचायतो में पहुंचकर कृषि योजना का होगा प्रचार-प्रसार

# ग्राम सतोना से कृषि रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

किसान कल्याण एंव कृषि विकास विभाग खैरलांजी के तत्वावधान में कृषि वर्ष 2026 के तहत रविवार 11 जनवरी को विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सतोना से कृषि रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। कृषि रथ 11 जनवरी से 5 फरवरी तक विकास खंड के अंतर्गत आने वाली 62 ग्राम पंचायत का भ्रमण कर कृषको से रूबरू होकर कृषि सम्बंधी 9 बिंदु को लेकर जानकारी दि जाएगी व प्रचार प्रसार किया जाएगा । ताकि कृषको की आर्थिक उन्नती और आय दुगनी हो एवं किसान आत्मनिर्भर बने सके ।इस अवसर पर रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु शुक्ला ,सरपंच श्रीमती मीरा मात्रे,उपसरपंच श्री देवराम मात्रे , भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री भीवराम मात्रे , बेनी सरपंच श्री जतन खरे , ग्राम साकडी सरपंच श्रीमती संगीता मात्रे , नायब तहसीलदार श्री डी.एल परते, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आर. पी. मर्सकोले, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी श्रीमती नैना वीरांग, सतोना सचिव श्रीमती अंजुमन खांडेकर, रोजगार सहायक श्रीमती मोना पंचेश्वर, बेनी रोजगार सहायक श्री धुआरे, साकड़ी पंचायत सचिव केवलराम कटरे, ग्राम रोजगार सहायक खुशयाल ठाकरे, समस्त कृषि विस्तार अधिकारी श्री संघर्ष लांझेवार, कंचन शेंडे, वैशाली धुआरे, आकांक्षा लांझेवार एवं कृषकगण उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत में श्रीमती मधु शुक्ला के द्वारा कृषको को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए खेती के आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया। नायब तहसीलदार डी.एल परते के द्वारा जैविक खेती के बारे में जानकारी दि गई और उसके महत्व के बताया । श्रीमती नैना विरांग द्वारा उद्यानिकी विभाग की विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। श्री संघर्ष लांझेवार द्वारा प्राकृतिक खेती एवं जीवामृत, घनजीवामृत बनाने की विधि बताई । श्री आर. पी. मर्सकोले द्वारा दर्शपर्णी अर्क, ब्रह्मास्त्र एवं रासायनिक ऊर्वरक खरीदने की ई- टोकन प्रणाली के बारे में बताया गया एंव आकांक्षा लांझेवार द्वारा नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण कृषक मौजूद रहे।